सुप्रभात
बुधवार 03.07.2024
धनबाद, वर्ष 01, अंक 74
epaper.khabarmantra.net
धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

स्पीड न्यूज

### अवैध स्टोन चिप्स लदा हाइवा व बालू लदा ट्रैक्टर जब्त



**धनबाद।** उपायुक्त माधवी मिश्रा के निर्देश पर जिले में खनिज संपदा के अवैध खनन, भंडारण व परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई जारी रखते हुए जिला खनन टास्क फोर्स ने मंगलवार की सुबह विभिन्न थाना क्षेत्र में जांच अभियान चलाया। खान निरीक्षक बिनोद बिहारी प्रमाणिक ने बताया कि उपायुक्त के निर्देश पर जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र में औचक जांच अभियान चलाया गया। पूर्वी टुंडी थाना क्षेत्र से अवैध स्टोन चिप्स लदा एक हाइवा व बालू लदा ट्रैक्टर जब्त कर थाना को कानूनी कार्रवाई के लिए सुपुर्द कर दिया गया। जांच दल में नवनियुक्त पदस्थापित खान निरीक्षक सुमित प्रसाद, बसंत उरांव, विजय करमाली एवं पुलिस बल शामिल थे।

### मटकुरिया गोलीकांड की हुई सुनवाई

**धनबाद।** मटकुरिया गोलीकांड की सुनवाई जिला एवं सत्र न्यायाधीश दुर्गेश चंद्र अवस्थी के अदालत में हुई। सुनवाई के दौरान कांड के आरोपी पूर्व मंत्री बच्चा सिंहए मन्नान मल्लिकए व अन्य हाजिर नहीं थे। अपर लोक अभियोजक समिति प्रकाश ने कांड के अनुसंधानकर्ता शिव शंकर तिवारी को बतौर गवाह पेश किया जिसका प्रति परीक्षण बचाव पक्ष के द्वारा किया गया । बीते तीन तारीख से अनुसंधानकर्ता का प्रति परीक्षण बचाव पक्ष द्वारा किया जा रहा है । अदालत ने अभियोजन को गवाह पेश करने का आदेश दिया है। मालूम हो की 27 अप्रैल 11 को मटकुरिया में बीसीसीएल के आवासों को अतिक्रमण से मुक्त कराने गये पुलिस बल के साथ आंदोलनकारियों की हिंसक झड़प हुई थी। घटना में तत्कालीन एसपी आरण्के धान जख्मी हो गए थे। वहीं विकास सिंह समेत चार लोगों की मौत हो गई थी। तत्कालीन एसडीओ जॉर्ज कुमार के लिखित प्रतिवेदन पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की थी। अनुसंधान के बाद पुलिस ने 38 लोगों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया था।

### नाबालिग से छेड़खानी का आरोपी दोषी करार, सजा आज

**धनबाद।** नाबालिक से छेड़खानी करने व उसकी अश्लील फोटो वायरल कर देने के एक मामले में आज अदालत ने अपना फैसला सुनाया ।धनबाद पोक्सो के विशेष न्यायाधीश प्रभाकर सिंह की अदालत ने मामले के नामजद आरोपी कोडरमा जयनगर निवासी सौरभ सिंह को दोषी करार दिया है। सौरव बीते 9 दिसंबर 23 से जेल में बंद है । प्राथमिकी पीड़िता की मां के शिकायत पर बरोड़ा थाने में 9 दिसंबर 23 को दर्ज की गई थी । प्राथमिकी के मुतबिक सौरभ की दोस्ती पीड़िता के साथ हो गई थी इसके बाद सौरभ ने उसे बहला फुसलाकर उसकी अश्लील फोटो और वीडियो बना लिया और उसके सहारे पीड़िता को शादी करने के लिए ब्लैकमेल करने लगा था तथा उसके साथ छेड़खानी किया करता था । प्राथमिकी में आरोप है कि जब पीड़िता ने शादी से इनकार कर दिया तो 26 नवंबर 23 को आरोपी सौरभ ने पीड़िता का अश्लील फोटो उसके पिताजी को भेज दिया था। अनुसंधान के बाद पुलिस ने 6 फरवरी 24 को सौरभ के विरुद्ध आरोप पत्र दायर किया था । सुनवाई के दौरान अभियोजन ने इस मामले में पांच गवाहों का परीक्षण कराया था।

# एसएनएमएमसीएच की व्यवस्था पर उपायुक्त ने जतायी नाराजगी

## अस्पताल के औचक निरीक्षण में अधीक्षक को दिये सख्त निर्देश



खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** उपायुक्त ने मंगलवार को एसएनएमएमसीएच का निरीक्षण किया और अस्पताल में साफ सफाई की व्यवस्था पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि आउटसोर्सिंग एजेंसी की व्यवस्था ऐसी ही रही तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने प्राचार्य सह अधीक्षक डॉ ज्योति रंजन, विभागाध्यक्ष एवं वरीय डॉक्टरों से भी वस्तु स्थिति की जानकारी ली। उपायुक्त ने कहा कि सफाई कार्य के विशेष निरीक्षण के लिए वरीय पदाधिकारी नियुक्त किया जाएगा, जो लगातार सफाई की मॉनिटरिंग करेंगे। उपायुक्त ने खराब मशीनों की मरम्मत, रेडियोलॉजिस्ट की नियुक्ति, बेहतर साफ-सफाई, डॉक्टरों के समय पर पहुंचने, दवाओं की उपलब्धता समेत अन्य महत्वपूर्ण शिकायतों को लेकर दिए आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। उन्होंने ओपीडी, वाह्य विभाग, शिशु विभाग, फिजियोथैरेपी विभाग, सर्जरी, एक्सरे रूम, अल्ट्रासाउंड केंद्र, जेनरल वार्ड, इमरजेंसी, आईसीयू, स्त्री एवं प्रसव रोग विभाग अंतः कक्ष, मेडिसिन स्टोर रूम, रजिस्ट्रेशन काउंटर समेत विभागों एवं सेंटर का निरीक्षण किया। उनके साथ एडीएम लॉ एंड आर्डर हेमा प्रसाद एवं एसडीएम उदय रजक मौजूद थे।

### प्राइवेट एंबुलेंस चालकों की मनमानी पर बरसीं

निरीक्षण में मिली खामियों को दूर करने के लिए अधीक्षक एवं संबंधित विभागाध्यक्ष को निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि आधारभूत संरचना संबंधी कुछ कमियां मैनपॉवर से जुड़ी हैं, जो अस्पताल के स्तर पर ठीक होना है उसके लिए अधीक्षक डॉ ज्योति रंजन को निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि जो भी उपलब्ध फंड एवं मैनपॉवर है, उसका अधिकतम इस्तेमाल महत्वपूर्ण कार्य है। उन्होंने कहा कि जो भी प्राइवेट एम्बुलेंस मनमाने ढंग से अस्पताल परिसर में अपनी गाड़ी लगाते हैं उन्हें बाहर कराएं। नहीं मानते हैं तो डीटीओ को सूचना दें। उनका रेजिस्ट्रेशन रद्द किया जाएगा। उन्होंने कहा कि दिये गये निर्देशों को सख्ती से पालन किया जाये, अन्यथा कार्रवाई होगी।

### मरीजों के लिए बेहतर इलाज और सुविधा को दें प्राथमिकता

अधीक्षक को निर्देश देते हुए उपायुक्त ने कहा कि जो भी मरीज अस्पताल में आते हैं उन्हें बेहतर सुविधा उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। मौजूदा रिसोर्स की के साथ मरीज को समुचित इलाज, बेड, जांच, दवाआदि सुविधाएं उपलब्ध कराई जाए। सुनिश्चित करें कि डॉक्टर समय पर पहुंचें। इसके अलावा खराब पड़ी मशीनों खासकर एक्स-रे मशीन की मरम्मत, रेडियोलॉजिस्ट की नियुक्ति, ओपीडी के रजिस्टर मेंटेन, सुरक्षा व्यवस्था, एम्बुलेंस की व्यवस्था, दवाओं, वैक्सीन और स्ट्रेचर की उपलब्धता समेत अन्य बिंदुओं पर भी कई निर्देश दिए।

## फरियादियों ने लगाई गुहार डीसी ने दिये कार्रवाई के निर्देश




### जनता दरबार

खबर मन्त्र संवाददाता

**गिरिडीह।** समाहरणालय सभागार कक्ष में मंगलवार को उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने जनता दरबार लगाया। जनता दरबार में विभिन्न क्षेत्रों से व्यक्तिगत एवं सामाजिक समस्याओं के निराकरण के लिए आए दर्जनों लोगों ने उपायुक्त के समक्ष अपनी समस्याएं रखी। उपायुक्त प्राप्त आवेदनों को संबंधित अधिकारियों को अग्रसारित करते हुए यथोचित कार्रवाई का निर्देश दिया। कई समस्याओं का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया। जनता दरबार में शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पेंशन, राशन, बाल प्रायोजन, भू अर्जन, पेयजल आदि से संबंधित विभिन्न आवेदन प्राप्त हुए। सभी आवेदनों पर आवश्यक कारवाई हेतु संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को अग्रसारित किया गया तथा जल्द से जल्द शिकायतों का निराकरण करने के निर्देश दिए गए। जनता दरबार में सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी मौजूद थे।

### समस्याओं का निष्पादन जनता दरबार का उद्देश्य

उपायुक्त ने कहा कि जनता दरबार का मुख्य उद्देश्य आमजनों की शिकायतों एवं समस्याओं का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करना था। कहा कि मंगलवार एवं शुक्रवार के अलावा भी आमजन अपनी समस्याएं लेकर समाहरणालय आ सकते हैं और संबंधित विभाग को आवेदन दे सकते हैं।

# गिरिडीह के केंद्रीय कारा अधीक्षक को मिल रही जान से मारने की धमकी

## अमन साहू का सहयोगी मयंक सिंह कर रहा है मैसेज

खबर मन्त्र संवाददाता

**गिरिडीह।** केंद्रीय कारा अधीक्षक हिमानी प्रिया को जान से मारने की धमकी दी जा रही है। बताया जाता है कि हिमानी प्रिया के पास इंटरनेशल कॉल व व्हाट्सप्प मैसेज के जरिये धमकी मिल रही है। कारा अधीक्षक के मुताबिक कॉल और मैसेज इसी केंद्रीय कारा में बंद कुख्यात गैंगस्टर अमन साहू का सहयोगी कुख्यात मयंक सिंह भेज रहा है। बता दें कि यह वही अमन साहू है, जिसका नाम 20 जुलाई 2022 को गिरिडीह केंद्रीय कारा के तत्कालीन जेलर प्रमोद कुमार पर फायरिंग मामले में नाम आया था। हालांकि जेलर बाल बाल बच गए थे। बता दें कि चार दिन पूर्व जेल के अंदर जब वह भ्रमण पर थी तो अमन ने उन्हें धमकी दी थी। हिमानी के मुताबिक उन्हें जो कॉल आ रहा है, उसमें कहा जा रहा है कि जैसा कहा जा रहा है उतना ही कीजिये, नहीं तो पुराने जेलर पर जिस तरह हमला हुआ था, उसी तरह हमला होगा। कारा अधीक्षक ने बताया कि उन्होंने पूरे मामले की जानकारी जेल आईजी के अलावा डीसी और एसपी को दे दी है। उन्होंने बताया कि विगत तीन चार दिनों से उनके पास अलग अलग देश से कॉल आ रहे हैं।

### जेल में अमन की सुविधा बढ़ाने को कहा

फोन करनेवाला खुद को अमन साहू और विश्नोई गैंग का सदस्य बता रहा है। जेल के अंदर अमन की सुविधा बढ़ाने को कहा जा रहा है। अमन साहू कुख्यात गैंगस्टर है और 2019 में गिरफ्तार हुआ, मगर फरार हो गया। वह 2022 में फिर गिरफ्तार हुआ। 3 जुलाई को पलामू में गिरफ्तार करने के बाद उसे पलामू से गिरिडीह केंद्रीय कारा शिफ्ट किया गया। यहां जेलर पर हमला हुआ तो अमन को सिमडेगा, फिर पलामू जेल शिफ्ट कर दिया गया। अब 21 जून को उसे फिर गिरिडीह केंद्रीय कारा में शिफ्ट किया गया है।

# बेंगाबाद में कमिश्नर ने लिया विकास कार्यों का जायजा

- पुलिस जवानों ने दिया गार्ड ऑफ ऑर्नर, अधिकारियों ने किया स्वागत



खबर मन्त्र संवाददाता

**गिरिडीह।** उत्तरी छोटानागपुर की प्रमंडलीय आयुक्त सुमन कैथरीन किस्पोट्टा मंगलवार को बेंगाबाद प्रखंड पहुंची और विकास योजनाओं का निरीक्षण किया। उनके साथ गिरिडीह उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा मौजूद थे। बेंगाबाद प्रखंड पहुंचते ही पुलिस जवानों ने प्रमंडलीय आयुक्त को गार्ड ऑफ ऑनर दिया। अपर समाहर्ता विजय सिंह बिरूवा, अनुमंडल पदाधिकारी यशवंत विषपुते, प्रखंड विकास पदाधिकारी निशा कुमारी, अंचलाधिकारी प्रिया दर्शनी ने पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया। उन्होंने प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय बेंगाबाद का निरीक्षण करने के बाद प्रखंड विकास पदाधिकारी व अंचलाधिकारी से विकास योजनाओं की अद्यतन जानकारी ली। बैठक में आयुक्त ने केंद्र व राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की। कहा कि ग्रामीणों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराएं तथा उन्हें लाभान्वित करने की दिशा में प्रयास किया जाना चाहिए। उन्होंने मनरेगा, आवास योजना, अबुआ आवास, बिरसा हरित ग्राम, सर्वजन पेंशन, पशुधन विकास योजना आदि योजनाओं की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिया कि कोई भी लाभुक इससे वंचित न हो। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि किसी भी प्रखंड या पंचायत में पानी की समस्या न हो। पानी से संबंधित शिकायतों का त्वरित निराकरण किया जाना चाहिए। उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने कहा कि विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में कोताही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### विभिन्न योजनाओं की ली जानकारी

उन्होंने लगान रसीद, दाखिल खारिज, प्राप्त पत्रों की पंजी, निर्गत पंजी, जन आवेदन पत्रों की पंजी, रोकड़ पंजी, लॉग बुक, अग्रिम पंजी, भू लगान पंजी, अकेंक्षण पंजी, नीलम पत्र वाद, मनरेगा व अन्य विकास योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। निर्देश दिया कि प्रखंड में चल रही विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन में निगरानी रखें। प्रखंड कार्यालय आने वाले लोगों की समस्याओं को नियमानुसार दूर करें ताकि उन्हें मुख्यालय का चक्कर नहीं लगाना पड़े।

# टोल प्लाजा से चोरी गया ट्रक जहानाबाद से बरामद

## चार पहिया के साथ एक गिरफ्तार, छापेमारी जारी



खबर मन्त्र संवाददाता

**गिरिडीह।** जिले के डुमरी थाना अंतर्गत कुलगो शिव मंदिर के पास विगत 29 जून को जीटी रोड के सर्विस लेन में खड़े 12 चक्का ट्रक चोरी हो गया था। चोरी की सूचना डुमरी थाना को प्राप्त हुई थी। प्राथमिकी दर्ज करते हुए वरीय पदाधिकारी को घटना की जानकारी दी गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी दीपक कुमार शर्मा ने डुमरी एसडीपीओ सुमित प्रसाद के नेतृत्व में विषेश अनुसंधान टीम का गठन किया। टीम में डुमरी अंचल के पुलिस निरीक्षक मनोज कुमार, डुमरी के पुलिस अवर निरीक्षक सह थाना प्रभारी प्रिनन, डुमरी थाना के पुलिस अवर निरीक्षक सुमन कुमार, रुपेश कुमार व निमियाघाट थाना के पुलिस अवर निरीक्षक सह थाना प्रभारी राणा जंग बहादुर सिंह शामिल थे। टीम ने बिहार के जहानाबाद कड़ौना गुड़ियापर निवासी 29 वर्षीय बबन कुमार नामक आरोपी को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी के पास से पुलिस ने ट्रक चोरी एवं रेकी करने में प्रयुक्त सफेद रंग का रेनॉल्ट ट्राइबर वाहन और मोबाइल बरामद किया। चोरी का ट्रक जहानाबाद के एक गुप्त स्थान पर छिपाया गया था तथा उसका नम्बर प्लेट हटा कर पेन्ट किया जा रहा था, जिसे जब्त किया गया है। बताया गया कि इस अपराधिक घटना में शामिल अन्य अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी के लिए बिहार के जहानाबाद जिले में छापामारी जारी है।

# बीडीओ के तानाशाही रवैये के खिलाफ मनरेगा मजदूरों का धरना, आश्वासन के बाद स्थगित

खबर मन्त्र संवाददाता

**गिरिडीह।** तिसरी बीडीओ की मनमानी और तानाशाह रवैये के खिलाफ मनरेगा मजदूर संघ ने मुख्यालय परिसर में सोमवार से अनिश्चित कालीन धरना मंगलवार को दिया। हालांकि बीडीओ के आश्वासन के बाद धरना समाप्त हो गया। बीडीओ ने धरना स्थल पर संघ के अध्यक्ष उपेंद्र साव और राजेश यादव से वार्ता की और उनकी पांच सूत्री मांगों पर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। मौके पर बीडीओ मनीष कुमार ने कहा कि मजदूर को काम देने के साथ ही नियम संगत कार्य किया जायेगा। कहा कि मनरेगा योजना पर मीडिया में प्रकाशित होता रहता है कि जेसीबी से काम कराया जा रहा है। इस तरह के मामले में कार्रवाई लाभुकों पर की जाएगी। जेसीबी मालिक को भी चिन्हित कर रोकने का प्रयास करेंगे। डिमांड का अनुपात बढ़ाने, बिरसा संवर्धन कूप का मेटेरियल का राशि भेंडर द्वारा मनमाने ढंग से राशि काटने की जांच की जायेगी।



पिछली बार डिलीट की गई डोभा को पुनः स्वीकृति दी जाएगी। मौके पर संघ के राजू मंडल, कुंदन सिंह, राजेश कुमार सहित संघ के कई लोग मौजूद थे।

# संसद में राहुल गांधी के बयान पर भाजपा ने खोला मोर्चा

## बाबूलाल मरांडी ने प्रेस वार्ता में कांग्रेस पर झूठा प्रचार का लगाया आरोप

खबर मन्त्र संवाददाता

**गिरिडीह।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी मंगलवार को गिरिडीह पहुंचे और अपने आवास पर प्रेस वार्ता की। उन्होंने सोमवार को लोसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा हिन्दुओं के बारे में की गई टिप्पणी पर जमकर हमला बोला। मरांडी ने कहा कि कांग्रेस के डीएनए ही झूठे प्रचार और जनता को बरगला कर सत्ता हासिल करना रहा है। कांग्रेस ने फिर वही काम कर 99 सीट हासिल की है। कहा कि सोमवार को कांग्रेस के नेता और सदन में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने एक से बढ़कर एक झूठा प्रचार किया और हिंदुत्व पर आपत्तिजनक टिप्पणी की है। कहा कि राहुल गांधी को तथ्यों की जानकारी होनी चाहिए कि हिंदू समाज ने आज तक किसी का बुरा नहीं किया। उन्हें कुछ भी कहने से पहले तथ्यों की जानकारी जुटा लेनी चाहिए। उन्हें समझ में आना चाहिए कि वह लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी पिछले 2014 से ही सदन में नादानी करते आ रहे हैं। उन्हें सदन और सड़क की समझ नहीं है। सोमवार को राहुल गांधी ने जो कहा, वह किसी तानाशाह के शब्दों से कम नहीं था।



### राहुल गांधी से माफी मांगने की मांग

भाजपा नेता ने राहुल गांधी से देश से माफी मांगने की मांग की। कहा कि हिंदुत्व पर राहुल गांधी को अभी पीएचडी करने की जरूरत है। अग्निवीर पर झूठ बोलकर खुद राहुल गांधी फंसे, क्योंकि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने उनके झूठ पर प्रहार किया और अग्निवीर के एक जवान की मौत पर एक करोड़ देने की बात कही। राहुल गांधी ने सदन में एमएसपी पर भी झूठ बोला, जबकि 2014 के बाद से किसानों को जितना मोदी सरकार ने दिया है, उतना कांग्रेस भी कभी नहीं दे पाई। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि हेमंत सोरेन मामले में एजेंसी अपना काम कर रही है। केस खत्म नहीं हुआ है, अभी वह सिर्फ जमानत पर हैं। एक अन्य सवाल के जवाब में बाबूलाल मरांडी ने कहा कि विधानसभा चुनाव में भाजपा से किसी को नुकसान नहीं होने वाला, क्योंकि 81 लाख वोट झारखंड में भाजपा को मिला है, जिससे स्पष्ट है कि वह मजबूत है। कल्पना सोरेन को लेकर बाबूलाल मरांडी ने कहा अगले चुनाव में गांडेय की जनता उन्हें पूर्व विधायक बना देगी। प्रेस वार्ता में भाजपा जिला अध्यक्ष महादेव दुबे, सुरेश साहू, चुन्नुकांत, प्रकाश सेठ, सुभाष चंद्र सिन्हा, संदीप डंगाईच, श्याम गुप्ता, राजेश जायसवाल, नवीन सिन्हा, हरमिंदर सिंह बग्गा समेत कई नेता मौजूद थे।

# नाबालिग का अपहरण और दुष्कर्म के आरोपी को 20 वर्ष कैद की सजा

## कैद के साथ लगाया गया 15 हजार का जुर्माना

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** शादी की नीयत से नाबालिक का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म करने के आरोपी हुसैन अंसारी को धनबाद पोक्सो के विशेष न्यायाधीश प्रभाकर सिंह की अदालत ने बीस वर्ष कैद एवं पंद्रह हजार रुपए जुर्माना से दंडित किया है। सोमवार को अदालत ने उसे दोषी करार दिया था अदालत ने सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए मंगलवार की तारीख निर्धारित की थी। प्राथमिकी पीड़िता के पिता के शिकायत पर दर्ज की गई थी । प्राथमिकी के मुताबिक एक जून 13 को पीड़िता को हुसैन अंसारी शादीकी नीयत से बहला फूसलाकर अपने साथ ले गया। दो माह तक अपने साथ रखा आरोप था कि हुसैन अंसारी ए शब्बू खान व कयामत खान पीड़िता को बाजार में बेचने की साजिश कर रहे थे उसे इंजेक्शन देकर रखा गया था। आरोपी था कि हुसैन अंसारी ने उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया था ।अनुसंधान के बाद पुलिस ने हुसैन अंसारीए शब्बू खानए कयामत अंसारीए सईदन बीबीए एवं मो गुलाम हुसैन के विरुद्ध आरोप पत्र दायर किया था । सुनवाई के दौरान हुसैन अंसारी फरार हो गया जिसकी अनुपस्थिति में अदालत में अपना निर्णय सुनाया। इसके पूर्व अदालत 14 जून 16 को आरोपी मोहम्मद शब्बू खानए कयामत अंसारीए सईदन बीबी एवं मो गुलाम हुसैन को सजा सुना चुकी है।

# अब 160 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से चलेंगी ट्रेनें

## 412 में से 231 किलोमीटर रेलवे ट्रैक की फेंसिंग का कार्य हो गया पूरा

* 121 किलोमीटर का कार्य प्री-फैब्रिकेटेड सीमेंटेड स्लैब लगाकर पूरा हो चुका

खबर मन्त्र सवाददाता



**धनबाद।** मिशन रफ्तार के तहत देश में ट्रेनों की गति बढ़ाने के लिए काम हो रहा है। प्रमुख रेलमार्गों पर ट्रेनों की रफ्तार 130 से बढ़ाकर 160 किलोमीटर प्रतिघंटा तक करने का लक्ष्य है। हाजीपुर रेलवे कार्यालय के सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार पूर्व मध्य रेल द्वारा प्रस्तावित 160 किलोमीटर प्रतिघंटा की गति वाले रेलवे ट्रैक के दोनों किनारे सुरक्षा बाड़ लगाए जा रहे हैं। इसके तहत बिहार, झारखंड एवं उत्तर प्रदेश राज्य में पूर्व मध्य रेल क्षेत्राधिकार के लगभग 412 किलोमीटर लंबे ग्रैंड कॉर्ड रेलवे ट्रैक को कवर किया जा रहा है।

इनमें प्रधानखंता से धनबाद, नेसुबो गोमो, कोडरमा, गया, सोननगर होते हुए पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन तक 412 किलोमीटर रेलखंड में से 231 किलोमीटर रेलवे ट्रैक की फेंसिंग का कार्य पूरा हो चुका है। पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल में 200 किलोमीटर में से 110 किलोमीटर रेलवे ट्रैक फेंसिंग का कार्य प्री-फैब्रिकेटेड सीमेंटेड स्लैब लगाकर पूरा किया जा चुका है। शेष 90 किलोमीटर का कार्य क्रैस बैरियर लगाकर शीघ्र ही पूरा कर लिया जाएगा। धनबाद मंडल में आने वाले 175 किलोमीटर ग्रैंड कॉर्ड रेलखंड में सें 25 किलोमीटर लंबे घाट सेक्शन छोड़कर शेष 150 किलोमीटर रेलवे ट्रैक की फेसिंग करनी है। अब तक 121 किलोमीटर का कार्य प्री-फैब्रिकेटेड सीमेंटेड स्लैब लगाकर पूरा हो चुका है। शेष 29 किलोमीटर का कार्य क्रैस बैरियर लगाकर अगस्त, 2024 तक पूरा करने का लक्ष्य है। प्री-फैब्रिकेटेड सीमेंट के ढलाई वाले स्लैब को दो पिलरों के मध्य स्थापित कर दिया जाता है तथा क्रैस बैरियर स्टील के दो पिलों के मध्य ऊंचाई के अंतराल पर दो स्टील प्लेटों को लगाया जाता है।

बहुप्रतीक्षित ट्रैक फेंसिंग के कई फायदे हैं। फेंसिंग कार्य पूरा हो जाने पर इन रेलखंडों पर गाड़ियों का आवागमन और सुगम हो जाएगा, जिससे ट्रेनों का समय पालन बनाए रखने में मदद मिलेगी एवं अतिरिक्त ट्रेनों का परिचालन भी हो सकेगा। इससे एक ओर जहां ट्रेनों का निर्बाध परिचालन होगा, वहीं रेलवे ट्रैकों का अतिक्रमण अथवा अनधिकृत रूप से ट्रैकों से गुजरने के कारण होने वाली अप्रिय घटनाओं पर भी रोक लगेगी।

# पुलिस की पाठशाला में पढ़ाया गया सफलता और अनुशासन का पाठ

## डिनोबिली के छात्राओं व शिक्षकों को कानून के पहलुओं से अवगत कराया

खबर मन्त्र सवाददाता



**धनबाद।** जन जागरुकता अभियान के तहत धनबाद पुलिस की अनोखी मुहिम पुलिस की पाठशाला लगातार जारी है। धनबाद थाना अंतर्गत डिनोबली स्कूल सीएमआरआई में धनबाद पुलिस ने छात्र छात्राओं के साथ यातायात नियमों, साइबर सुरक्षा, महिला एवं बाल सुरक्षा, नशे से बचाव एवं घरेलू हिंसा से जुड़े विषयों पर विस्तार से चर्चा की।

पुलिस की पाठशाला में मुख्य अतिथि वरीय पुलिस अधीक्षक हदीप पी जनार्दनन मौजूद थे। वरीय अधिकारियों ने डिनोबिली के छात्र छात्राओं और शिक्षकों को संबोधित करते हुए उन्हें कानून के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया। एसएसपी ने समाज को सुरक्षित बनाने के लिए छात्रों से जागरुक रहने की अपील की और देश में लागू तीन नए कानूनों की जानकारी भी दी।

**मीडिया एप को सुरक्षित रखें और पासवर्ड बदलते रहें**

उन्होंने मोबाइल व इंटरनेट के अनावश्यक इस्तेमाल से बचने की अपील करते हुए बच्चों को यथासंभव मोबाइल के कम उपयोग की बात कही। सोशल मीडिया एप को सुरक्षित रखें और पासवर्ड समय समय पर बदलते रहें। उन्होंने मनोरंजन के लिए सोशल मीडिया के कम उपयोग और किसी अनजान शख्स से वर्चुअल दोस्ती न करने की अपील भी की। पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय संदीप गुप्ता ने साइबर अपराध के बढ़ते खतरे को देखते हुए कहा कि इंटरनेट व मोबाइल द्वारा दिए गए किसी भी लालच में न आएं और कोई भी अनजान वेबसाइट पर क्लिक न करें। पुलिस उपाधीक्षक यातायात अरविंद सिंह ने छात्र छात्राओं को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए सुरक्षा से जुड़े तमाम पहलुओं पर प्रकाश डाला।

**धनबाद पुलिस सुरक्षा को लेकर गंभीर: एसएसपी**

उन्होंने कहा कि धनबाद पुलिस जनता की सुरक्षा को लेकर हमेशा गंभीर रही है। यदि पुलिस के सकारात्मक एवं रचनात्मक कार्यों से छात्र-छात्राओं को जोड़ दिया जाए तो इसके दूरगामी परिणाम देखने को मिलेंगे। यही वजह है कि साइबर अपराध से बचाव, नशे से दूरी, यातायात नियमों की जानकारी समेत आत्मरक्षा के गुर सिखाने के लिए धनबाद पुलिस ने पाठशाला अभियान के लिए स्कूलों और कॉलेजों को चुना है। एसएसपी ने छात्र-छात्राओं को सुरक्षा की गारंटी देते हुए कहा कि कभी भी किसी तरह की समस्या पर वे सीधे पुलिस से डायल 112 के जरिए सम्पर्क कर सकते हैं। पुलिस की टीम ससमय मदद को पहुंचेगी। छात्रों को सफलता का मूलमंत्र समझाते हुए कहा कि अनुशासन व लक्ष्य बेहद जरुरी है।

### एयरपोर्ट निर्माण की मांग लेकर केंद्रीय मंत्री को ज्ञापन सौंपा



**कतरास।** धनबाद की बहुप्रतीक्षित मांग एयरपोर्ट निर्माण को लेकर धनबाद लोकसङ्घा क्षेत्र के नवनिर्वाचित सांसद ढुल्लू महतो ने केन्द्रीय नागरिक विमानन मंत्री राममोहन नायडू किंजरापु से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा।

उन्होंने धनबाद के लाखों लोगों की भावना का ख्याल करते हुए एयरपोर्ट निर्माण की मांग की। उन्होंने कहा कि धनबाद में आई आई टी, सिंफर, बी आई टी, बीसीसीएल जैसे कई प्रतिष्ठित संस्थान हैं। एयरपोर्ट होने से शिक्षकों, वैज्ञानिकों, डॉक्टरों को आने जाने की सुविधा के साथ आस पास के कई जिले के लोगों को ड्डाी लाड्डा मिल सकेगा। धनबाद के व्यवसायियों को ड्डाी फायदा होगा। क्षेत्र में रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

# रेजलीबांध के मामले में दो गुट भिड़े

## उप विकास आयुक्त ने दिया है जांच का आश्वासन

**गोविंदपुर।** जिला परिषद बोर्ड की बैठक में गोविंदपुर के ऐतिहासिक रेजलीबांध जमीन के अतिक्रमण का मुद्दा उठाने और उप विकास आयुक्त द्वारा कमेटी गठित कर जमीन की जांच का आश्वासन देने के बाद दो पक्ष आमने-सामने हो गए हैं। भाजपा नेता बलराम प्रसाद साव एवं फकीरडीह के अनवर अंसारी ने कहा है कि तालाब की जमीन को लेकर जिप सदस्य सोहराब अंसारी राजनीति कर रहे हैं । उन्होंने सार्वजनिक रूप से अतिक्रमण कारियो में बलराम साव एवं अनवर अंसारी का नाम लिया है, जबकि उन्होंने अतिक्रमण नहीं किया है। श्री साव ने कहा कि उन्होंने जमीन का अतिक्रमण नहीं किया है। इस कारण सोहराब अंसारी की उपस्थिति में सरकारी अमीन से मापी कर रास्ता छुड़वाया गया है। अनवर अंसारी ने कहा है कि तालाब के अंदर 90 डिसमिल जमीन उनकी है। भाजपा नेत्री सुमिता दास, बमबम साव, राजेश शर्मा, रूपेश साहा, बैजनाथ गोस्वामी आदि ने भी बलराम साव एवं अनवर अंसारी के दावे का समर्थन किया है। उधर सोहराब अंसारी ने कहा है कि तालाब के पश्चिम में 40 फीट गुना 400 फीट जमीन छुड़वाई गई है। लघु सिंचाई विभाग के अभियंताओं को और अमीन को झांसा देकर तालाब की उन्होंने उप विकास आयुक्त से बात की ।

डीडीसी ने उन्हें आश्वासन दिया है कि 3 जुलाई के बाद वह स्थल निरीक्षण करेंगे और तालाब की जमीन किसी को भी नहीं दी जाएगी। उधर सामाजिक कार्यकर्ता विनोद बर्मन ने कहा है कि तालाब की 1 इंच भी जमीन किसी के लिए छोड़ा नहीं जाना चाहिए।

### स्टेट बैंक में किया वृक्षारोपण

**कतरास ।** स्टेट बैंक डुमरा ब्रांच में मंगलवार को स्थापना दिवस मनाया गया। इस मौके पर ब्रांच परिसर में वृक्षारोपण किया गया। मौके पर बीसी सीएल ब्लॉक दो के जी एम चित्तरंजन कुमार, ब्रांच मैनेजर, संजय कुमार, अनंत कुमार टुडू, कैप्टन गिल्बर्ट, उत्तम महतो, आलोक सिन्हा, सुलोचना कुमारी, दिलीप कुमार थे।

### स्कूली छात्राओं के बीच साइकिल वितरण

**कतरास।** झारखंड सरकार के निःशुल्क साइकिल वितरण योजना के तहत उत्क्रमित उच्च विद्यालय बाघमारा में मंगलवार को स्कूली छात्राओं के बीच साइकिल बांटी गई। मौके पर बीडीओ सुषमा आनंद,गीता देवी, कल्याण पदाधिकारी, साधन सेवी, रघुवंश भारती, बबलू मिश्रा, राजू यादव आदि मौजूद थे।

# स्कूलों में सौ प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करें : सुमित्रा तिर्की



**एमडीएम को लेकर नहीं आनी चाहिए स्कूल की शिकायत**

**मैथन।** एग्यारकुंड प्रखंड कार्यालय में मंगलवार को प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सुमित्रा तिर्की की अध्यक्षता में गुरुगोष्ठी सह मासिक समीक्षा बैठक हुई। बैठक में बीईईओ ने कहा कि नामांकन में कोई कोताही न बरती जाए। अपने पोषक क्षेत्र के सभी बच्चों का सौ प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करें। एमडीएम को लेकर किसी भी स्कूल की कोई शिकायत अभिभावक या जन प्रतिनिधि की ओर से नहीं आना चाहिए।

उन्होंने कहा कि बच्चों के बीच किताब, किट आदि समय पर वितरण किया जाए। बच्चों का आधार कार्ड बनवाते हुए बैंक से लिंक कराना जरूरी है। इको क्लब अदि कार्यक्रमों का स्कूलों में अनुश्रवण कराना है। शिक्षकों को बायोमीट्रिक हाजिरी को भी उन्होंने अनिवार्य बताया। समय पर अटेंडेंटस बनाएं और एमडीएम की रिपोर्ट प्रतिदिन एसएमएस करने का निर्देश दिया। बैठक में निरसा तीन शैक्षणिक अंचल के मौजूद थे।

# संप्रेषण गृह के बच्चों की शिक्षा और चरित्र निर्माण पर दें ध्यान

## जर्जर भवन के जीर्णोद्धार के लिए संबंधित अभियंता को उपायुक्त ने दिया निर्देश

खबर मन्त्र सवाददाता



**धनबाद।** उपायुक्त माधवी मिश्रा ने मंगलवार को बरमसिया स्थित संप्रेक्षण गृह एवं विशेष गृह का औचक निरीक्षण किया। एडीएम लॉ एंड आर्डर हेमा प्रसाद, एसडीएम उदय रजक भी उनके साथ थे। उपायुक्त ने बच्चों के भोजन के लिए खाना बनाने की व्यवस्था, चिकित्सकीय सुविधा, लीगल हेल्प, क्लासरूम, कंप्यूटर क्लास, बाथरूम, खेलने की सुविधा आदि का भी निरीक्षण किया।

उन्होंने संप्रेक्षण गृह एवं विशेष गृह के जर्जर भवनों के रेनोवेशन हेतु भवन प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता को जल्द काम शुरू करने का निर्देश दिया। साथ ही सुरक्षा व्यवस्था हेतु उपलब्ध महिला जवान, होमगार्ड, सीसीटीवी आदि की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक कई निर्देश भी दिए। उपायुक्त ने वहां किशोरों से मुलाकात कर उनकी दिनचर्या के बारे में पूछा। बच्चे किस कक्षा में पढ़ रहे हैं और उनकी परीक्षा की क्या व्यवस्था है, इसके बारे में भी संचालक से पूरी जानकारी ली।

काउंसलिंग के बारे में उपायुक्त ने काउंसलर से कहा कि बच्चों के कैरेक्टर बिल्डिंग पर ध्यान दें। बच्चों को पढ़ाने वाली शिक्षक से भी उपायुक्त ने उनके चरित्र निर्माण पर जोर देने को कहा। मौके पर साधना कुमारी जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, सुनिल कुमार सिंह जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी, संतोष कुमार प्रसाद, परिवीक्षा पदाधिकरी सह प्रभारी उपाधीक्षक, प्रिय रंजन अन्य मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### जीएम कार्यालय के समक्ष धरना की चेतावनी

**कतरास।** बीसीसीएल गोविंदपुर एरिया तीन अंतर्गत ब्लॉक फोर के कर्मी विश्वनाथ हाड़ी ने आवास आबंटन की मांग को लेकर जीएम कार्यालय के समक्ष अनिश्चित कालीन धरना देने की चेतावनी दी है। उन्होंने जी एम को पत्र लिखा है, जिसमें कहा है कि प्रेमनगर स्थित आवास संख्या 169 कमेटी की अनुशंसा पर उनके नाम अलॉट किया गया है। परन्तु उसपर किसी अन्य का कब्जा है। जी एम को लिखे पत्र में कर्मी ने कहा है कि आवंटन के बावजूद आवास मुहैया नहीं कराने के कारण उन्होंने सपरिवार धरना पर बैठने का निर्णय लिया है।

### ग्रामीणों ने गोवंश लदा वाहन पकड़ा, पुलिस को सौंपा

**कतरास।** सोनारडीह थाना अंतर्गत नीमतल्ला के समीप मंगलवार की सुबह ग्रामीणों ने गोवंश लदा एक पिकअप वाहन पकड़ा। ग्रामीणों ने वाहन एवं चालक को सोनारडीह थाना के हवाले कर दिया है। बताते हैं कि गो वंश को तस्करी के लिए ले जाया जा रहा था, तभी ग्रामीणों की नजर पड़ गई। जब्त वाहन व गोवंश को लेकर पुलिस जांच कर रही है।

### सहायक अध्यापकों के वार्षिक मानदेय में 4 प्रतिशत वृद्धि की मांग

**कतरास।** शहरी क्षेत्र के सहायक अध्यापकों को 4 प्रतिशत वार्षिक मानदेय वृद्धि के सम्बन्ध में सहायक अध्यापकों ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर उचित कदम उठाने की मांग की है। पत्र में कहा गया है कि धनबाद जिले के शहरी क्षेत्र (नगर निगम) में सहायक अध्यापकों को 4 प्रतिशत वृद्धि की राशि आज तक नहीं मिल सकी है, जबकि ग्रामीण क्षेत्र के सहायक अध्यापकों को वृद्धि की राशि विगत एक वर्ष से दी जा रही है। पत्र में कहा गया है कि ग्रामीण क्षेत्र की तरह नगर निगम (शहरी क्षेत्र) के सहायक अध्यापकों को भी 4 प्रतिशत वृद्धि की राशि का भुगतान दिया जाए। कार्रवाई नहीं होने पर भूख हड़ताल की चेतावनी दी गई है। पत्र में सहायक अध्यापक शहरी क्षेत्र) लखी कान्त मोदक (चन्दन), विरेन्द्र कुमार शर्मा, मोती लाल महतो, चेतलाल महतो, परितोष महतो आदि के हस्ताक्षर हैं।

### जारंगडीह डिस्पेंसरी में मेडिकल कैंप 30 जुलाई को

**बेरमो।** जारंगडीह माइन्स के आसपास स्थित गाँवों और परियोजना प्रभावित व्यक्तियों के लिए एक विशेष मेडिकल कैंप का आयोजन कल 03 जुलाई 2024 को किया जाएगा। यह कैंप जारंगडीह डिस्पेंसरी में सुबह 10रू00 बजे से दोपहर 1रू00 बजे तक आयोजित होगा। इस मेडिकल कैंप का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों और प्रभावित व्यक्तियों की स्वास्थ्य समस्याओंए विशेष रूप से श्रवण. संवेदनात्मक ;सेंसोरीन्यूरल क्षति और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं का मूल्यांकन करना है। इस कैंप में विभिन्न स्वास्थ्य विशेषज्ञ उपस्थित रहेंगे जो विभिन्न जांच और चिकित्सा सेवाएं प्रदान करेंगे।इस कैंप के माध्यम से प्रभावित व्यक्तियों को उपयुक्त स्वास्थ्य सेवाएं और उपचार प्रदान किए जाएंगेए जिससे उनकी स्वास्थ्य समस्याओं का समुचित समाधान किया जा सके। यह कैंप सभी निवासियों के लिए निशुल्क है। लोगों से लाभ उठाने की अपील की।

### कथारा में विधायक ने कब्रिस्तान चहारदीवारी का किया शिलान्यास

**बेरमो/कथारा/जारंगडीह।** बेरमो प्रखंड के कथारा स्थित बोडिया दक्षिणी पंचायत में मंगलवार को झारखंड सरकार अनुसूचित जातिए जनजाति अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के मद से बेरमो विधायक कुमार जयमंगल सिंह ने 25 लाख रुपये के लागत से चहारदीवारी निर्माण का पूजा अर्चना के साथ नारियल फोड़कर उद्घाटन किया।

## एक नजर में

### बीमा कर्मचारी संघ के आम सम्मेलन में महंगाई व बेरोजगारी पर चिंता




**गिरिडीह ।** बीमा कर्मचारी संघ हजारीबाग मंडल गिरिडीह शाखा का वार्षिक आम सम्मेलन मंगलवार को एलआईसी शाखा परिसर में संपन्न हुआ। अध्यक्षता अध्यक्ष संजय शर्मा ने की। सम्मेलन में मंडलीय अध्यक्ष हेमंत मिश्रा एवं मंडलीय महासचिव जगदीश चंद्र मित्तल मुख्य अतिथि तथा मंडलीय कोषाध्यक्ष विजय चौबे अतिथि के रूप में मौजूद थे। कार्यक्रम की शुरूआत दिवंगत महान विभूतियों को श्रद्धांजलि अर्पित कर की गई। तत्पश्चात शाखा सचिव धर्म प्रकाश ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि देश में अमीरी और गरीबी के बीच खाई बढ़ती जा रही है जो चिंतनीय है। अखिल ड्डारतीय बीमा कर्मचारी संघ के 74वें स्थापना दिवस पर सर जे सी बोस गर्ल्स हाई स्कूल गिरिडीह में वृक्षारोपण किया गया।

### बैंक मोड़ भारत गैस कार्यालय में किया पौधरोपण



**धनबाद।** पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा 1 से 15 जुलाई तक स्वच्छता पखवाड़ा के तहत मंगलवार को धनबाद बैंक मोड़ स्थित भारत गैस कार्यालय में बिहार और झारखंड के राज्य प्रमुख अमित मित्तल, एलपीजी के चीफ मैनेजर मार्केटिंग, टेरिटरी मैनेजर श्याम भवसार, सीनियर मैनेजर सेल्स तेजेश्वर राज के साथ ही डेली नीड एजेंसीज के प्रोपराइटर सतीश जुनेजा द्वारा पौधरोपण किया गया। कहा गया कि इस स्वच्छता पखवाड़े में सिर्फ पौधरोपण करेंगे, बल्कि लोगों को जागरूक भी करेंगे। जहां कहीं भी गंदगी दिखेगी, साफ करना ही भारत पेट्रोलियम का मकसद है। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में भी यह कार्यक्रम चलाएंगे, ताकि बच्चे पर्यावरण के प्रति सचेत हों।

### लाइसेंस नही बनाने वाले दुकानदारों पर चिरकुंडा नगर परिषद करेगी कार्रवाई

**मैथन।** चिरकुंडा नगर परिषद क्षेत्र में लाइसेंस नहीं बनाने वाले व्यावसायिक प्रतिष्ठान व दुकानदारों के खिलाफ विभाग द्वारा कार्रवाई शुरू कर दी गई है। विभाग द्वारा कहा गया है कि जो भी दुकानदार लाइसेंस बनाने के बावजूद रेन्युअल नही करा रहे हैं उनपर भी कार्रवाई की जाएगी। विभाग के कर्मियों ने क्षेत्र के चिरकुंडा मुख्य सड़क जीटी रोड व चिरकुंडा-पंचेत रोड में 10 दुकानों को अल्टीमेटम दिया कि 10 दिन के अंदर अपना लाइसेंस बनवा लें या रेन्युअल करा लें, अन्यथा कार्रवाई की जाएगी। यह जानकारी देते हुए सिटी मैनेजर मुकेश निरंजन ने कहा कि नगर परिषद क्षेत्र के सभी गैर आवासीय मकान तथा दुकानदार अपना-अपना म्यूनिसिपल लाइसेंस ले लें। अगर लाइसेंस लिये हैं तो रेन्युअल करा लें, अन्यथा उनपर दस दिनों के अंदर कार्रवाई होगी।

### नये महाप्रबंधक चित्तरंजन कुमार ने दिया योगदान



**कतरास।** सिजुआ क्षेत्र में नये महाप्रबंधक चित्तरंजन कुमार ने मंगलवार को योगदान दिया। उन्होंने सिजुआ क्षेत्र के पूर्व महाप्रबंधक अनुप कुमार राय से पदभार ग्रहण किया। नये महाप्रबंधक का सिजुआ क्षेत्र व कोलियरी के अधिकारी ने जोरदार स्वागत किया। एरिया के कर्मचारियों ने भी नये जीएम का स्वागत किया। निवर्तमान महाप्रबंधक अनुप कुमार राय की कार्य कुशलता के लिए उनका अभिवादन किया। मौके पर क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक चंदन श्रीवास्तव, निचितपूर बासजोडा परियोजना पदाधिकारी जीएल धुर्वे आदि मौजूद थे।

### एसएसवीएम में हुई प्रांतीय स्तर प्रतियोगिता



**गिरिडीह ।** विद्या विकास समिति द्वारा मंगलवार को सरस्वती शिशु विद्या मंदिर स्कूल के प्रांगण में 35 वीं प्रांतीय कबड्डी और खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में गिरिडीह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के छात्रों ने जबरदस्त प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का आयोजन बाल और किशोर वर्ग के बीच कराया गया। कबड्डी में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के छात्रों ने पहला स्थान हासिल किया। स्कूल परिसर में देर शाम संपन्न प्रतियोगिता में कोच अनिता कुमारी और प्रसून सिंह के नेत्तृव में स्कूल के छात्रों के बेहतर प्रदर्शन पर शील्ड, पदक और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। स्कूल के प्राचार्य आनंद कमल ने प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागियों प्रिंस कुमार, जयंत कुमार, राजीव नयन, ओम शर्मा, लक्ष्मण चौधरी, विक्की शर्मा, अनिकेत कुमार, जीवन दास, सूरज कुमार, कौशल किशोर और प्रियांशी गुप्ता, साक्षी कुमारी, पूनम, सृष्टि, तन्नु रिया, अंकित, स्नेहा, कोमल और सोनाक्षी कुमारी को पदक, प्रमाण पत्र और शील्ड देकर सम्मानित किया। प्रांतीय स्तर पर आयोजित कबड्डी और खो-खो प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतियोगिता को लेकर प्राचार्य ने कहा कि निश्चित तौर पर गिरिडीह स्कूल के छात्रों ने हर खेल में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है।

### विधायक ने कई योजनाओं का शिलान्यास किया

**बेरमो।** बेरमो विधायक कुमार जयमंगल सिंह ने मंगलवार को कई योजनाओं का शिलान्यास किया। बेरमो प्रखंड अंतर्गत घुटियाटांडए जरीडीह बाजार और कथारा में स्थित कब्रिस्तान के सौन्दर्यीकरण कार्य हेतु 25 .25 लाख रुपये के परियोजना का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ग्राम सडक सुद्दढीकरण योजना अंतर्गत बेरमो प्रखण्ड के अमलो प्रोजेक्ट से बदुकबेडा भाया ताराबेडा तक पथ के सुद्दढीकरण कार्य हेतु 1 करोड़ 7 लाख रुपये के परियोजना का शुभ शिलान्यास किया। कहा कि इस सड़क निर्माण से क्षेत्र के लोगों को आवागमन में सुगमता मिलेगी और क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी। विधायक ने कहा कि लोगों की मूलभूत जरूरतों को देख कर बेरमो विधानसभा क्षेत्र में कई विकास योजनाएं विभिन्न मद की राशि से संचालित है।

## स्पीड न्यूज

### कांग्रेस की जनसंपर्क यात्रा सात से होगी प्रारंभ : लक्ष्मीनारायण तिवारी



**मेदिनीनगर।** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी डालटनगंज-भंडरिया विधानसभा क्षेत्र में सात जुलाई से जनसंपर्क यात्रा की शुरुआत करेगी। इसकी जानकारी झारखंड कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सचिव लक्ष्मीनारायण तिवारी ने दी। उन्होंने बताया कि जनसंपर्क यात्रा में कांग्रेस कार्यकर्ता लोगों की समस्या से अवगत होंगे। साथ ही उन्हें राज्य सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं व लाभों की जानकारी दी जायेगी।

### रजवाडीह मवि में शिक्षा किट वितरित



**मेदिनीनगर।** रजवाडीह मध्य विद्यालय के छात्र-छात्राओं के बीच शिक्षा किट बांटा गया। समारोह के मुख्य अतिथि रजवाडीह मुखिया अनुज त्रिपाठी के हाथों किट पाकर बच्चे बहुत खुश हुए। उन्होंने बच्चों को समझाया कि पढ़ाई में कोई दिक्कत न हो इसलिए सरकार ये दे रही है। इसका सदुपयोग करना जरूरी है। प्राचार्य परशुराम तिवारी ने जानकारी दी कि 95 बच्चों के लिए किट की राशिदी गयी है। मौके पर एसएमसी अध्यक्ष कुंती देवी, संयोजिका, शिक्षिका निशा, प्रियंका कुमारी, पूनम रानी ने सुव्यवस्थित तरीके से किट का वितरण कराया।

### भांजे ने मामा के घर आकर किया मारपीट, प्राथमिकी दर्ज

**पड़वा, पलामू।** मुरकटवा में मामा और भांजे के बीच जमकर मारपीट हुई। इस मामले में दोनों पक्षों ने पड़वा थाना मामला दर्ज कराया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। मुरकटवा के विपिन मेहता ने अपने फुफेरे भाई संजीव महतो व फुआ सोना देवी पर अमारीक महतो को लोहे के रड से मारकर गंभीर रूप से घायल करने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया है। दूसरे पक्ष के संजीव मेहता ने मामा के लड़के अजय और विपिन महतो पर ईंट से हमला कर अपना सिर फोड़ने का आरोप लगाया है। पड़वा थाना प्रभारी चंद्रशेखर यादव ने बताया कि दोनों के लिखित आवेदन पर दोनों पक्षों पर प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### ट्रक जलाने और चालक को पीटकर घायल करने का आरोपी गिरफ्तार



**नावा बाजार, पलामू।** नावा बाजार पुलिस ने एनएच 98 पर नावा बाजार परिसर में ट्रक जलाने व चालक को पीटकर घायल करने का मुख्य आरोपी मीर मोहल्ला का इंतजार खान पिता स्व मुस्ताक खान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी चिंटू कुमार ने बताया कि 29 मई को कोयला लोड ट्रक की चपेट में आने से एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया था। घटना से आक्रोशित इंतजार ने ट्रक में आग लगा दी और चालक को पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया था।

### निरंजन ने उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

**मेदिनीनगर/पाटन।** भाजपा नेता निरंजन पासवान ने जिला के उपायुक्त शशिरंजन को ज्ञापन सौंपकर पाटन प्रखंड के न्यू प्राथमिक विद्यालय नान्ही झरिया हिसरा बरवाडीह में पुनः जांच कराने की मांग की है। श्री पासवान ने ज्ञापन के माध्यम से उपायुक्त को बताया कि 12 जनवरी को उक्त विद्यालय के प्रधानाध्यापक मुन्ना कुमार के मध्याह्न भोजन संबंधित राशि अपने नाम से चेक भरकर संयोजिका व अध्यक्ष से चेक पर पहचान कराकर राशि का दुरूपयोग किया गया था। इसकी शिकायत जिला शिक्षा अधीक्षक से की गई थी। जिला शिक्षा अधीक्षक द्वारा विद्यालय में जांच का आदेश दिया गया था।

### पूर्व सैनिक सेवा परिषद 26 जुलाई को मनायेगा कारगिल विजय दिवस



**मेदिनीनगर।** पूर्व सैनिक सेवा परिषद 26 जुलाई को पंडित दीनदयाल स्मृति टाउन में कारगिल विजय दिवस समारोह मनायेगा। इसकी तैयारियों के सिलसिले में अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद पलामू का एक प्रतिनिधि मंडल नगर निगम आयुक्त से मुलाकात कर उनसे दीनदयाल स्मृति टाउन हॉल 26 जुलाई, दिन शुक्रवार को एक दिन के लिए परिषद को समारोह हेतु आवंटित करने का अनुरोध किया। नगर निगम आयुक्त ने प्रतिनिधिमंडल को आवेदन पत्र कार्यालय में जमा कराने को कहा। नगर निगम आयुक्त ने प्रतिनिधि मंडल को आश्वस्त किया कि उनके निवेदन पर सहानुभूति पूर्वक विचार किया जायेगा। प्रतिनिधि मंडल में परिषद के पलामू जिलाध्यक्ष दामोदर मिश्र, महा सचिव दिनेश गुप्ता, जिला कार्य समिति सदस्य सुनील सिंह शामिल थे।

### पानी सप्लाई को लेकर डीसी को पत्र

- पंपू कल में पांच मोटर के बदले एक ही मोटर चलाया जाता है



**मेदिनीनगर।** भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष परशुराम ओझा ने नगर निगम क्षेत्र में पानी सप्लाई को लेकर पेयजल एवं स्वच्छता विभाग व नगर निगम के द्वारा बरती जा रही कोताही पर क्षोभ व्यक्त किया है। बेलवाटिका स्थित पंपूकल का जायजा लेने के बाद उपायुक्त को पत्र लिखकर कहा कि कोयल नदी में हल्का बाढ़ आने से ही नदी में लगा फुटबॉल जाम हो जाता है जिसे साफ कराने में विभाग ने घोर लापरवाही बरती है। खराब मशीन को ठीक करने में लगभग 10 घंटे समय लगता है। जबकि पंपू कल में पांच मोटर लगे हुए हैं। लेकिन एक ही मोटर चलाया जाता है जिससे पानी सप्लाई में कठिनाई होती है।

### महुगावां के जीतेश ने डीसी को सौंपा ज्ञापन

**मेदिनीनगर।** चैनपुर प्रखंड के महुगावां ग्राम निवासी जीतेश पांडेय ने जिला के उपायुक्त शशि रंजन को आवेदन देकर महुगावां पंचायत की मुखिया धनवंती देवी व मुखिया पति दिलीप पासवान द्वारा अभी तक कराये गये कार्यों की जांच कराने की मांग की है। श्री पांडेय ने उपायुक्त को दिये गये आवेदन में कहा है कि दोनों के द्वारा कराये गये विकास कार्यों में जमकर गड़बड़ी की जा रही है। कहा कि मुखिया धनवती ने अपने पद का दुरूपयोग कर प्रधानमंत्री आवास योजना स्वयं अपने नाम पर स्वीकृत कर बिना कोई कार्य कराये पूरी राशि की निकासी कर ली है। 15 वें वित्त आयोग अंतर्गत वित्त वर्ष 2023-24 के तहत महुगावां पंचायत में 10 चापाकल लगाया है जो कि इसमें पांच से दस हजार ली गयी है।

# विवाह मंडप के निर्माण से लोगों को मिलेगा पूरा लाभ : विधायक

**खबर मन्त्र संवाददाता**



विधायक के ऑनलाइन संबोधन के मौके पर उपस्थित लोग।

**हरिहरगंज पलामू।** हुसैनाबाद-हरिहरगंज विधायक कमलेश कुमार सिंह के निर्देश पर एनसीपी नेताओं का दल मंगलवार को नगर पंचायत क्षेत्र के पिपरा गांव का दौरा किया। इस दौरान नेताओं ने ग्रामीणों की समस्याएं भी सुनीं और समाधान का भरोसा दिलाया। वहीं ग्रामीणों की मांग पर विधायक ने उक्त गांव में विधायक निधि से विवाह मंडप जीर्णोद्धार की घोषणा की। अपने ऑनलाइन संबोधन में विधायक ने कहा कि क्षेत्र में विकास का ठोस स्वरूप प्रदान करना उनका लक्ष्य है। विवाह मंडप के निर्माण होने से लोगों को काफी लाभ पहुंचेगा। इससे जहां सामाजिक विकास की नींव मजबूत होगी। वहीं परिवार जोड़ने का बेहतर जरिया बनेगा। मौके पर एनसीपी नेता योगेन्द्र सिंह उर्फ गुड्डू, विकास सिंह, प्रिंस सिंह, कान्हा सिंह एनसीपी प्रखंड अध्यक्ष मनीष कुमार सिंह मुखिया सह एनसीपी नेता सरोज कुशवाहा, रामप्रसाद भुइयां, विजय सिंह, लखन सिंह, अशोक मेहता, राघव पाण्डेय, धनंजय पांडेय, भीष्म देव नारायण सिंह, सरोज सिंह, दीपक सिंह, इंद्रदेव राम, अवधेश राम, अनुज सिंह, सुनिल पांडेय, योगेंद्र पासवान, ब्रजेश राम, कैलाश राम, श्यामदेव पासवान आदि मौजूद थे।

# हिंदू विरोधी बयान देने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का पुतला जलाया

- जन्म से ही कांग्रेस हिंदू विरोधी है : कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** लोकसभा के प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा हिंदुओं को हिंसक बताने वाला बयान दिया था। इसे लेकर पूरे देश में राहुल गांधी का विरोध हो रहा है। मेदिनीनगर में भारतीय जनता पार्टी पलामू के द्वारा छः मुहान चौक पर राहुल गांधी का पुतला फूंका गया एवं जमकर उनके खिलाफ नारेबाजी की गयी। भाजपा नेताओं ने राहुल गांधी को सार्वजनिक माफी मांगने की मांग की गई और उनकी सदस्यता रद्द करने की मांग की गयी। इसके पूर्व भाजपाइयों ने गीता भवन से जुलूस निकाला एवं राहुल गांधी के खिलाफ नारेबाजी करते हुए छः मुहान चौक पहुंचे और पुतला जलाया। पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने कहा कि जन्म से ही कांग्रेस हिंदू विरोधी है। राहुल गांधी हिंदुओं के खिलाफ बयानबाजी करने से बाज आये अन्यथा बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।



मौके पर भाजपा पलामू जिलाध्यक्ष अमित तिवारी ने कहा कि राहुल गांधी लगातार बहुसंख्यक हिंदुओं को अपमानित करने का काम कर रहे हैं। उन्होंने संसद में जिस तरह से हिंदुओं को हिंसक बताया है, भगवान शिव की तस्वीर को लेकर राजनीति की है वह निंदनीय है। इस मामले में उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। भाजपा नेताओं ने राष्ट्रपति और लोकसभा स्पीकर से इस मामले में दखल दिये जाने और राहुल गांधी के खिलाफ सख्त कार्रवाई किये जाने की मांग की है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने मांग की है कि राहुल गांधी की संसद की सदस्यता रद्द की जाये और उनके खिलाफ क्रिमिनल केस दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की जाये। पुतला दहन करनेवालों में प्रेम सिंह, परशुराम ओझा, नरेंद्र पांडे, अविनाश वर्मा, मंगल सिंह, अरुण सिंह, ज्योति पांडे, अरविंद गुप्ता, धर्मेंद्र उपाध्याय, शिव कुमार मिश्रा, अभिमन्यु तिवारी, सोमेश सिंह, अजय सिंह, रीना किशोर, प्रदीप सिन्हा, मंजू गुप्ता, विजय, उपेंद्र सिंह, ठाकुर रंजीत सिंह, गुड्डू पर, अमल, किशन माखड़िया, रंजीत विश्वजीत पाठक, मनदीप प्रजापति, नवीन पांडे भी थे।

# बिना चलान के अवैध छर्री लदा हाइवा को एसडीएम ने पकड़ा

- एसडीएम और सीओ के लगातार कार्रवाई से अवैध बालू पत्थर बेचने वालों में हड़कंप

**खबर मन्त्र संवाददाता**



बिना चालान के जा रहे हाइवा को जब्त करते एसडीओ।

**हुसैनाबाद पलामू।** इन दिनों बालू और पत्थर के कारोबारियों पर प्रशासनिक दबिश पढ़ा हुआ है। सोमवार की रात्रि में अनुमंडल पदाधिकारी पीयूष कुमार सिन्हा ने गुप्त सूचना के आधार पर मध्य रात्रि में छापामारी की। एसडीएम ने जपला - छतरपुर मुख्य सड़क के नहर मोड़ के समीप से अवैध छरी लदे एक हाइवा को पकड़ा। इस संबंध में एसडीएम श्री सिन्हा ने बताया कि हाइवा चालक से चालान मांगा गया, तो कोई भी पेपर नही दिखाया जिसके बाद गाड़ी को जब्त करते हुए हुसैनाबाद थाना को दे दिया। वहीं अंचल अधिकारी हुसैनाबाद लगातार अवैध खनन व अवैध परिवहन को लेकर अभियान चला रहे हैं। कभी एसडीओ तो कभी सीओ के लगातार कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध कारोबारियों में हड़कंप मचा हुआ है।

### मनातू में अपराधियों ने सास व दामाद को गोली मारकर किया जख्मी भर्ती

**मेदिनीनगर।** मनातू थाना क्षेत्र के मधेया गांव में अज्ञात अपराधियों ने गोली चालन की घटना को अंजाम दिया। इस घटना में सास व दामाद को गोली लगी है इससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गये हैं। ग्रामीणों के द्वारा घटना की सूचना मनातू थाना को दी गयी। सूचना पाते ही मनातू थाना प्रभारी निर्मल उरांव घटनास्थल पर पहुंचकर जख्मी आशीष कुमार व संगीता देवी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनातू में भर्ती कराया। जहां पर चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर ईलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया।

# बच्चों के प्रति शिक्षकों के साथ अभिभावक अपनी जवाबदेही तय करें : मुखिया दुलारी

- राजकीय उमवि सुआ में पौधारोपण के साथ साइकिल वितरण किया गया

**खबर मन्त्र संवाददाता**



विद्यार्थियों के बीच साइकिल बांटती मुखिया व उपस्थित अन्य।

**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड अंतर्गत पंचायत सुआ के राजकीय उमवि सुआ में साइकिल वितरण व पौधा रोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुआ मुखिया दुलारी देवी, स्कूल के प्रधानाध्यापक प्रियम कुमारी, कंचन कुमारी, शिक्षिका प्रियंका, अरूण ठाकुर ने संयुक्त रूप से 22 विद्यार्थियों के बीच साइकिल वितरण किया।

इसके बाद अतिथियों ने विद्यालय परिसर में पौधरोपण कर लोगों को प्रकृति को बचाने का संदेश दिया। इस मौके पर मुखिया ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को साइकिल मिलने से जहां एक ओर सहुलियत होगी वहीं दूसरी ओर उन्हें पैदल चलकर स्कूल आने से मुक्ति मिलेगा। इस कार्यक्रम से बच्चों के अंदर पढ़ने की प्रेरणा जागृत होगी। मुखिया ने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि बच्चें को घरेलू कार्यों में न लगायें उन्हें पढ़ने के लिए प्रेरित करें। सरकार ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को शिक्षित करने के लिए निःशुल्क साइकिल, ड्रेस, किताब आदि सामग्री दे रही है। बच्चे भूखे न पढ़ें इसलिए विद्यालय में भोजन दी जा रही है ताकि बच्चे मन लगाकर पढ़ें। मौके पर प्रधानाध्यापक प्रियम कुमारी ने कहा कि विद्यालय में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ व्यावहारिक व सामाजिक ज्ञान भी दिये जा रहे हैं। बच्चों को शारीरिक शिक्षा, मानसिक शिक्षा को दुरूस्त करते हुए समय के अनुसार सभी पाठ्यक्रमों का ज्ञान शिक्षक दे रहे हैं। विद्यालय में अनुशासन बनाये रखने के लिए बच्चों को जागृत किया जाता है।

# सतबरवा में आजसू पार्टी का हल्ला बोल कार्यक्रम आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**सतबरवा पलामू।** प्रखंड सतबरवा में आजसू पार्टी का हल्ला बोल कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पलामू जिला अध्यक्ष दिलीप चौधरी, केंद्रीय समिति सदस्य चंद्रशेखर सिंह छोटू, केंद्रीय समिति सदस्य संजू सिंह, महिला जिला अध्यक्ष प्रमिला देवी उपस्थित थे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रखंड एवं अंचल कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार एवं रिश्वत खोरी तथा बिचौलिया गिरी के खिलाफ आजसू पार्टी ने चेतावनी दी कि जो भी प्रखंड या अंचल संबंधी जनता का काम हो उसे यथाशीघ्र निपटाया जाये एवं रिश्वत लेने के लिए जनता को परेशान करना बंद करें अन्यथा पार्टी द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रखंड नेता सियाराम विश्वकर्मा, विष्णु देव राव, महिला प्रकोष्ठ के प्रखंड अध्यक्ष सविता देवी, पूजा कुमारी, धर्म प्यारी कुमारी, पूजा देवी, ओम प्रकाश सिंह आदि थे।

# विवाद होने के कारण सेविका का चयन किया गया स्थगित

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**पाटन पलामू।** प्रखंड के पथरा वन में सेविका चयन को लेकर आम सभा आयोजित किया गया था। जहां विवाद होने के कारण सेविका चयन स्थगित कर दिया गया। पाटन सीडीपीओ अनीता कुमारी सुपरवाइजर शांति कमलेश के द्वारा आमसभा कि प्रकिया शुरू करते ही लोगों ने चुनाव संवंधित जिला से निर्गत लेटर दिखाने एवं लोगों को बताने के लिए सीडीपीओ से मांग की गयी, लेकिन सीडीपीओ अनीता कुमारी ने लेटर नहीं दिखाया। इसे लेकर ग्रामीणों ने हंगामा मचाना शुरू कर दिया। निवर्तमान सेविका के परिजनों ने आरोप लगाते हुए कहा कि जब पुष्पा देवी की मौत डियूटी के दौरान हुआ है तो अनुकंपा पर बहाली होनी चाहिए। निवर्तमान सेविका के परिजनों और ग्रामीणों ने उप विकास आयुक्त से मिलकर अनुकंपा की नौकरी मांग करने तथा सभी विषयों की जानकारी लेने कि बात कहते हुए सेविका चयन प्रक्रिया को रद्द करने करने की मांग की।

### सरयू हत्याकांड में शामिल आमवस्या गिरफ्तार



**रामगढ़ पलामू।** थाना क्षेत्र के इस्लाम नगर बभंडी निवासी सरयू राम की हत्या तीन लोगों ने मिलकर कर दी थी। इस मामले में रामगढ़ थाना पुलिस ने कांड दर्ज करते हुए अनुसंधान के क्रम में किशुनदेव उरांव एवं संतोष उरांव को गिरफ्तार 16 जून को जेल भेज दिया था। इस हत्याकांड में शामिल आमवस्या देवी फरार थी। जिसे पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। ज्ञात हो कि ओझा गुणी एवं पैसे के लेनदेन में तीनों ने मिलकर गला दबाकर सरयू राम की हत्या कर शव को कुआं में फेंक दिया था।

### ट्रैक्टर-कार की टक्कर में आधा दर्जन लोग घायल

**हरिहरगंज पलामू।** थाना क्षेत्र के एनएच 139 पर सेमरबार के समीप ट्रैक्टर, कार की टक्कर में कार सवार आधा दर्जन लोग घायल हो गये। घटना सोमवार रात की है। घटना के बाद स्थानीय लोगों एवं पुलिस के सहयोग से सभी घायलों को हरिहरगंज सीएचसी केंद्र ले जाया गया। जहां डॉ अरुण सिंह ने सभी का उपचार किया। वहीं गंभीर रूप से घायल दो लोगों को बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर रेफर कर दिया। डॉ अरुण कुमार ने बताया कि गंभीर रूप घायल आशा देवी तथा नंदकुमार राय बिहार के खगड़िया के रहने वाले है। पुलिस निरीक्षक सह हरिहरगंज थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि ट्रैक्टर एवं कार की टक्कर में एक ही परिवार के आधा दर्जन लोग घायल हुए है।

### जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी ने बीएलओ और सुपरवाइजर के साथ की बैठक, दिये कई निर्देश



**उंटारी रोड पलामू।** जिले के उंटारी रोड प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सभाकक्ष में मंगलवार को जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी कानूराम नाग की अध्यक्षता में बीएलओ व बीएलओ सुपरवाइजर की मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर बैठक की गयी। बैठक में बीडीओ सह सीओ आशा साहु मुख्य रूप से उपस्थित थी। बैठक के माध्यम से जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी श्री नाग ने उपस्थित सभी बीएलओ को आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए घर-घर जाकर सत्यापन के उपरांत मतदाता का नाम जोड़ने, मतदाता का नाम सुधारने एवं मृत व स्थानांतरित मतदाता का सूची से नाम हटाने व एक से अधिक बार प्रविष्ट वाले मतदाता को चिह्नित कर नाम हटाने का निर्देश उपस्थित सभी बीएलओ को दिया। वहीं मतदाता फार्म से संबंधित विशेष जानकारी सभी बीएलओ को दी गयी।

# पशु शेड में चलता है आंगनबाड़ी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- प्रमुख ने चांदो में कई आंगनबाड़ी केंद्रों का किया औचक निरीक्षण



**चैनपुर (पलामू)।** चांदो पंचायत में कई आंगनबाड़ी केंद्र का प्रमुख गायत्री देवी ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 7 में पाया कि सेविका रूसाना खातून व सहायिका जमीरा खातून ने घोर लापरवाही करते हुए गाय शेड में बच्चों को शिक्षा दे रही है। बच्चों से पूछताछ में पता चला कि दस बजे तक बच्चों को सेविका कुछ खाने को भी नहीं दी थी। वहीं दूसरी ओर आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 6 की सेविका आशा देवी व सहायिका पानपति देवी 11 बजे अपना केंद्र खोल कर साफ सफाई कर रही थी। एक भी बच्चे केंद्र पर नहीं थे। गायत्री देवी ने केंद्र का जांच करते हुए कहा कि सरकार के नियम कानून को सेविका-सहायिका ताक पर रख केवल सरकारी पैसे हजम करने में लगी हैं। बच्चे को पढ़ाने की जगह अपना घरेलू काम करने में लगी हुई थी।

### समीक्षा बैठक में प्रतिवेदन के साथ डीलरों की उपस्थिति अनिवार्य : एमओ

**पाटन पलामू।** जन वितरण प्रणाली से संबंधित समीक्षा बैठक चार जुलाई गुरुवार को 11 बजे पूर्वाह्न से प्रखंड सभागार में आयोजित की गयी है। इसकी जानकारी देते हुए प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी संजय कुमार ने कहा कि बैठक में प्रतिवेदन के साथ सभी डीलरों की उपस्थिति अनिवार्य है। कहा कि डीलर बैठक में मासिक प्रतिवेदन, लगातार छह माह से अनुपस्थित लाभुकों की सूची, मृत/ शादीशुदा महिला के नाम विलोन की सूची, राशन कार्ड में मोबाइल नंबर/ आधार नंबर जोड़ने की सूची आदि जरूरी है।

# पाटन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अस्पताल प्रबंधन समिति की बैठक



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पाटन पलामू।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अस्पताल प्रबंधन समिति की बैठक की गयी। जिसकी अध्यक्षता पाटन प्रमुख शोभा देवी तथा संचालन पाटन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी श्रवण मेहता ने किया। बैठक में स्वास्थ्य केंद्र में एक्सरे मशीन, पार्किंग सेड, स्वास्थ्य केंद्र परिसर में फेभरब्लौक रोड निर्माण, पुराने भवन मरम्मत, डेंटल एक्सरे मशीन, हडी एक्सरे मशीन, नया आवास निर्माण का प्रपोजल तैयार कर राज्य स्वास्थ्य विभाग को भेजने पर सहमति बनी। बैठक में पाटन प्रमुख शोभा देवी, पाटन चिकित्सा प्रभारी श्रवण मेहता, डॉ मिथलेश कुमार, कृष्ण कुमार राम आदि मौजूद थे।

# सतबरवा बीइइओ हरि प्रसाद ठाकुर के नेतृत्व में गठित टीम ने की जांच

- कन्या मध्य विद्यालय सतबरवा के सहायक शिक्षिका रानी पूनम पर धर्म पर आपत्तिजनक टिप्पणी का

**खबर मन्त्र संवाददाता**



जांच करते पदाधिकारी।

**सतबरवा पलामू।** कन्या मध्य विद्यालय सतबरवा के सहायक शिक्षिका रानी पूनम पर धर्म पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने संबंधी आरोप पर जिला शिक्षा अधीक्षक पलामू के ज्ञापांक 894 दिनांक 28 जून के आलोक में बीईईओ हरिप्रसाद ठाकुर के नेतृत्व में मंगलवार को जांच टीम के द्वारा जांच की गई। बीईईओ के साथ बीपीओ मनोज कुमार तिवारी, एमडीएम प्रभारी, विवेक सिन्हा, सीआरपी सुधीर कुमार मिश्रा, अकाउंटेंट संजीव कुमार सिंह साथ में थे। वही शिक्षिका पर लगाये गये आरोप प्रत्यारोप के दौरान पलामू सांसद के प्रखंड प्रतिनिधि मनीष कुमार के अलावा कई लोग मौजूद थे। वहीं दूसरी ओर हिंदूवादी संगठन से जुड़े कई लोग स्कूल परिसर में हाथों में तख्ती लेकर खड़े थे। बाद में जुलूस के शक्ल में निकल कर विरोध में नारेबाजी करने लगे। प्रधानाध्यापिका विद्या कुमारी ने बताया कि दो दिन पूर्व कुछ छात्रों के अभिभावकों के द्वारा टीका लगाकर आने पर सहायक शिक्षिका से टीका टिप्पणी करने की शिकायत मिली थी। इस संबंध में सहायक शिक्षिका ने टीका लगाकर विद्यालय आने पर किसी भी प्रकार की आपत्ति नहीं होने की बात कही थी। इधर, बीईईओ ने बताया कि शिक्षिका पर लगाये गये आरोप के बारे में छात्र और अभिभावकों से पूछताछ की गयी, वहीं शिक्षिका से धर्म पर आपत्तिजनक टिप्पणी के विषय में लिखित स्पष्टीकरण ली गयी है। शिक्षिका ने बताया कि मेरे द्वारा धर्म पर किसी तरह का आपत्तिजनक टिप्पणी नहीं की गयी है।

राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय कौड़िया में साइकिल वितरण कार्यक्रम

# साइकिल मिलने से बच्चे समय से आयेंगे विद्यालय : मुखिया अंजना और अजीत

**खबर मन्त्र संवाददाता**





विद्यार्थियों के बीच साइकिल बांटते जनप्रतिनिधि।

**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड के अंतर्गत कौड़िया पंचायत के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय कौड़िया में साइकिल वितरण कार्यक्रम किया गया। मौके पर 42 विद्यार्थियों के बीच साइकिल बंटी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कौड़िया मुखिया कुमारी अंजना सिंह व पंसस अजीत सिंह ने विद्यार्थियों के बीच साइकिल बांटी।

मौके पर कौड़िया मुखिया कुमारी अंजना सिंह ने कहा कि सरकार बच्चों के शिक्षा के प्रति विशेष ध्यान दे रही है। कहा कि जिन बच्चें का घर विद्यालय से दूर है उन्हें आने में काफी परेशानी होती थी। इसे देखते हुए बच्चे नियमित विद्यालय आकर शिक्षा ग्रहण करें इसके लिए उन्हें साईकिल प्रदान किया गया है।

कहा कि बच्चे शिक्षा ग्रहण कर अपने क्षेत्र व समाज का नाम रौशन करें। पंसस अजीत सिंह ने कहा कि सरकार के यह महत्वपूर्ण योजना है। साईकिल वितरण से बच्चे अब निर्धारित समय पर घर से स्कूल पहुंचेंगे। बच्चों को शिक्षा ग्रहण करने में कोई परेशानी न हो सरकार इसका ख्याल रख रही है। गरीब बच्चों के लिए साइकिल वितरण वरदान साबित होगा। मौके पर प्राचार्य रघुनाथ राम, शिक्षक रविंद्र सिंह, अब्दुल अली हसन, रामस्वरूप कुमार, शिक्षिका शाहजहां, रंजीत पाल, अध्यक्ष सौहर सिंह व कई लोग शामिल थे।

